लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 19 July 2023

HINDUSTAN PAGE 6

शोध नहीं करा सकेंगे 59 से ज्यादा आयु के शिक्षक

एलयू

- शोधार्थियों के लिए बनेगी रिसर्च एडवाइजरी कमेटी
- रेगुलर पीएचडी को पार्ट टाइम में बदल सकेंगे

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षक अब रिटायरमेंट में तीन वर्ष से कम समय बचने पर पीएचडी गाइड नहीं बन सकेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा जारी गाइडलाइंस के तहत तैयार किए जा रहे संशोधित पीएचडी अध्यादेश में इस बिंदु को शामिल किया जाएगा। 59 वर्ष से अधिक आयु वाले शिक्षकों को शोध पर्यवेक्षक नहीं बनाया जाएगा। डिग्री और विश्वविद्यालय शिक्षकों की सेवानिवृत्त आयु 62 वर्ष है।

शोधार्थियों की समस्याओं के समाधान को उठाया कदम: एलयू में मंगलवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में अध्यादेश समिति की बैठक हुई। इसमें संशोधित पीएचडी अध्यादेश को लेकर चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने अपने विचार रखे। बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि अब उन शिक्षकों को पीएचडी गाइड नहीं बनाया जाएगा जिनके रिटायरमेंट में तीन साल से कम समय बचा है। साथ ही बैठक में रिसर्च एडवाइजरी कमेटी के गठन का भी फैसला किया गया है। इससे शोधार्थियों की समस्याओं का निराकरण आसानी से किया जा सकेगा।

इस फैसले के बाद शोध छात्रों के दाखिले के प्रक्रिया में बदलाव होगा। अब संशोधित पीएचडी अध्यादेश के तहत ही सत्र 2023-24 पीएचडी में दाखिले लिए जाएंगे। नए नियम नए सत्र में लागू किए जाएंगे।

रेगुलर पीएचडी को पार्ट टाइम में बदल सकेंगे: अध्यादेश समिति की बैठक में इस बात पर सैद्धांतिक सहमति बनी है कि यदि किसी संस्थागत पीएचडी के शोधार्थी की द्वितीय या तृतीय वर्ष में नौकरी लग जाती है तो वह अपनी रेगुलर पीएचडी को पार्ट टाइम में बदल सकेंगे। ऐसे शोधार्थियों को सिर्फ दो वर्ष का रेजिडेंस पीरियड ही पूरा करना पड़ेगा, इससे उन्हें नौकरी करने में आसानी होगी।

> संशोधित पीएचडी अध्यादेश तैयार किया जा रहा है। इसके तहत वह शिक्षक अब पीएचडी कराने में सक्षम नहीं होंगे जिनकी रिटायरमेंट अवधि तीन साल से कम बची हो।
>
> -प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति

एलयू: बीए, बीएससी की उत्तर कुंजी जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को स्नातक स्तर के चार पाठ्यक्रमों की उत्तर कुंजी जारी की गई है। इससे पहले विवि ने सात पाठ्यक्रमों की उत्तर कुंजी घोषित की थी। एलयू में स्नातक स्तर के चार पाठ्यक्रमों की आंसर की जारी की गई है। विवि द्वारा बीए, बीएससी बायोलॉजी, बीएससी एग्रीकल्चर और बीजेएमसी पाठ्यक्रम की उत्तर कुंजी घोषित कर दी गई है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि अभ्यर्थी एलयू की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर उत्तर कुंजी देख सकते हैं। जारी की गई आंसर की से प्रवेश परीक्षा में दिए गए उत्तरों का मिलान करने में आसानी होगी। गौरतलब है कि इससे पूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा बीकॉम ऑनर्स, बीकॉम एनईपी, बीएससी मैथ्स, बीबीए, बीसीए, बीएलएड और एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय पाठ्यक्रम की उत्तर कुंजी घोषित कर दी गई थी।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : प्रवेश परीक्षा के 11 विषयों की उत्तर कुंजी जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि ने स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के 11 विषयों की उत्तर कुंजी मंगलवार को जारी कर दी। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर लॉगिन कर इसे देख सकते हैं।

बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीएलएड, बीएससी गणित, बीसीए, बीबीए, एलएलबी ऑनर्स, बीए एईपी, बीएससी बायो, बीएससी एग्रीकल्चर व बीएजेएमसी की आंसरकी जारी हुई है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी ओएमआर सीट की नकल कॉपी से उत्तर कुंजी के सवालों का मिलान कर सकते हैं।

बीफार्मा का परीक्षा कार्यक्रम घोषित

लखनऊ। लविवि ने मंगलवार को बीफार्मा दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया। पाठ्यक्रम के सभी विषयों की परीक्षाएं 26 जुलाई से पांच अगस्त तक चलेंगी। विद्यार्थी विभाग के नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। (संवाद)

विषम सेमेस्टर परीक्षा का रिजल्ट जारी

लखनऊ। लविवि ने मंगलवार को स्नातक व परास्नातक के विषम सेमेस्टर के विषयों की परीक्षाओं के कार्यक्रम घोषित कर दिए। इनमें पहले व तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं शामिल हैं। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं। (संवाद)

सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि घोषित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकीय विभाग ने मंगलवार को सम सेमेस्टर प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि जारी कर दी। विभागाध्यक्ष प्रो. मसूद सिद्दीकी ने पत्र जारी करते हुए बताया कि एमए, एमएससी दूसरे सेमेस्टर के प्रैक्टिकल 22 अगस्त को होंगे। बीए, बीएससी के चौथे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 26 अगस्त को होंगी। एमए, एमएससी मास्टर थीसिस चौथे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 14 अगस्त को होंगी। एमए, एमएससी दूसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 21 अगस्त को होंगी। (संवाद)

प्रो. गीतांजलि नवीन रैंकिंग सेल की निदेशक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने जंतु विज्ञान विभाग की प्रो. गीतांजलि मिश्रा को नवीन रैंकिंग सेल के निदेशक पद की जिम्मेदारी सौंपी है। वह कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष तक पद पर बनी रहेंगी। आठ जुलाई को हुई कार्यपरिषद की बैठक में नवीन रैंकिंग सेल बनाए जाने को स्वीकृति दी गई थी। (संवाद)

बीपीएड, एमपीएड व एमए के नतीजे जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा विषम सेमेस्टर दिसंबर 2022 के तहत कई विषयों के परीक्षा परिणाम जारी किए हैं। इसी तरह बीफॉर्मा द्वितीय सेमेस्टर के रेगुलर व बैक पेपर की परीक्षा 24 जुलाई से होगी। एलयू ने मंगलवार को बीपीएड, एमपीएड, एमपीएच कम्युनिटी मेडिसिन, एमपीएच, एमएसडब्ल्यू, बीए ओल्ड, आचार्य, बीबीए एनईपी टूरिज्म, बीजेएमसी, एमएचए और एमएससी भौतिक विज्ञान के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के नतीजे जारी किए गए हैं। बीएससी गृह विज्ञान, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेटर, क्रिमिनोलॉजी एंड क्रिमिनल जस्टिस, शिक्षाशास्त्र, पत्रकारिता एवं जन संचार, उर्दू, मनोविज्ञान, संस्कृत, हिंदी और बायो स्टेटिक्स के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित किया गया है।

NBT PAGE 6

BA, BSc व BJMC की उत्तर कुंजी जारी

■ एनबीटी सं, लखनऊः एलयू ने मंगलवार को बीए, बीएससी बायॉलजी, बीएससी एग्रीकल्चर और बीजेएमसी पाठ्यक्रम की आंसर की घोषित कर दी। एलयू प्रवक्ता डॉ.दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी वेवसाइट www.lkouniv.ac.in पर आंसर की देख सकते हैं।

LU में कई कोर्सों के रिजल्ट घोषित

■ एनबीटी सं, लखनऊः एलयू ने कई कोर्सों के रिजल्ट जारी किए हैं। स्टूडेंट एमए जॉग्रफी तृतीय, एमए पॉलिटिकल साइंस प्रथम, एमए एजुकेशन तृतीय, बीए ओल्ड तृतीय, एमए संस्कृत ग्रुप बी तृतीय, शास्त्री तृतीय, एमपीएड तृतीय, एमएससी फरेंसिक तृतीय, एमएचए प्रथम व एमपीएच प्रथम सेमेस्टर और एमपीए के रिजल्ट वेबसाइट पर देख सकते हैं।

सेल्फी जायके वाली Sandeep Rastogi

एलयू में इन दिनों दाखिलों का दौर चल रहा है। बाहर से भी लोग ऐडमिशन प्रॉसेज के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में कैंपस की कैंटीन भी हर वक्त गुलजार रहती हैं।

VoL PAGE 6

लविवि में नवीन रैंकिंग सेल की निदेशक बनीं प्रो. गीतांजलि मिश्रा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में नवीन रैंकिंग सेल का निदेशक प्रो गीतांजलि को बनाया गया है। इस सम्बन्ध में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह ने मंगलवार को आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार 6 जून को सम्पन्न हुई कार्यपरिषद की बैठक मे लिये गये निर्णय के तहत जन्तु विज्ञान विभाग की प्रो गीतांजलि मिश्रा को तीन साल के लिए या अग्रिम आदेशों तक जो भी पहले हो नवीन रैंकिंग सेल का निदेशक नामित किया गया है। वह अपने शैक्षिक दायित्वों के साथ-साथ इस दायित्व का भी निर्वाहन करेंगी।

LOKSATYA PAGE 2

लखनऊ यूनिवर्सिटी के प्राणीशास्त्र विभाग में हेरिटेज प्वाइंट का उद्घाटन

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने एलयू के प्राणीशास्त्र विभाग में एक विरासत बिंदु का अनावरण किया। विरासत बिंदु उन ईंटों से बना है जो विशेष रूप से 19 वीं शताब्दी की शुरुआत में बनाए गए थे।

यह एलयू के शताब्दी वर्ष का प्रतीक है। हेरिटेज पॉइंट का विचार प्राणीशास्त्र विभाग की प्रमुख प्रो संगीता रानी ने किया। विरासत बिंदु के बगल में स्थित एक पत्थर में कैसरबाग में एक कॉलेज के रूप में इसकी शुरुआत से लेकर इसकी वर्तमान स्थिति और एक विश्वविद्यालय के रूप में स्थापना तक लखनऊ यूनिवर्सिटी की ऐतिहासिक प्रगति का लिखित दस्तावेज शामिल है। कार्यक्रम में आम के पेड़ से स्पष्ट वार्षिक छल्लों वाला एक लकड़ी का लट्ठा भी दिखाया गया। जिसे परिसर से ही एकत्र किया गया था। लखनऊ में बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैलियोसाइंस (बीएसआईपी) के वैज्ञानिकों के अनुसार, लट्ठा भी एक सदी से अधिक पुराना है। इस कार्यक्रम में छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष पूनम टंडन, और प्राणीशास्त्र विभाग से प्रोफेसर निरुपमा अग्रवाल, प्रो शैली मलिक, प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा व अन्य संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

JAGRAN CITY PAGE I, III

लवि ने जारी की बीए, बीएससी प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी

वेबसाइट पर कोर्सवार स्कैन ओएमआर शीट की गई अपलोड

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए हुई बीए, बीएससी बायोलाजी, बीएससी एग्रीकल्चर और बीजेएमसी प्रवेश परीक्षाओं की उत्तर कुंजी भी वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर जारी कर दी। इसमें कोर्सवार ए, बी, सी व डी सेक्शन में स्कैन ओएमआर शीट अपलोड की गई है।

लवि की स्नातक प्रवेश परीक्षाएं 16 जुलाई को समाप्त हुई थीं। चार पाठ्यक्रमों को मिलाकर 11 कोर्सों की उत्तर कुंजी जारी की जा चुकी है। जल्द ही फाइनल मेरिट सूची जारी कर दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी।

नगर निगम डिग्री कालेज में काउंसिलिंग शुरू : अटल बहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज में बीकाम प्रथम सेमेस्टर में दाखिले के लिए काउंसिलिंग शुरू हो गई। पहले दिन प्रवेश लेने वालों की संख्या कम रही। मेरिट में चयनित अभ्यर्थियों को प्रवेश संबंधी मैसेज भेज दिया गया है। बुधवार से भीड़ बढ़ेगी।

नेशनल पीजी कालेज में 160 विद्यार्थियों ने लिया बीए में प्रवेश : स्नातक

रिटायरमेंट के तीन साल बचे होने तक शिक्षकों को मिलेंगे नए शोधार्थी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय यूजीसी गाइडलाइन के अनुसार अपने नए पीएचडी अध्यादेश में भी कई नई चीजें शामिल करने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत अब रिटायरमेंट के तीन साल बचे होने तक शिक्षक नए शोधार्थियों के शोध पर्यवेक्षक बन सकेंगे। अभी तक यह व्यवस्था रिटायरमेंट के एक साल शेष रहने तक लागू है। इस बदलाव से शोधार्थियों को भी कई समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। मंगलवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में नए पीएचडी अध्यादेश को लेकर हुई बैठक में इसे शामिल करने पर चर्चा की गई।

लवि के मंथन हाल में दोपहर एक बजे से कुलपति एवं पीएचडी आर्डिनेंस तैयारी कर रही कमेटी की बैठक शुरू हुई। कमेटी की संयोजक प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि अभी तक किसी भी शिक्षक के रिटायरमेंट से एक साल पहले तक उन्हें नए शोधार्थी आवंटित कर दिए जाते थे। शोधार्थी तीन साल से पहले अपनी थीसिस जमा नहीं कर सकता। आवंटित किए गए सुपरवाइजर एक साल बाद रिटायर होकर चले गए तो इससे शोधार्थियों को दिक्कत हो जाती है। इसलिए यह प्रविधान किया जा रहा कि शिक्षकों के रिटायरमेंट में तीन साल बचे होने तक ही उन्हें नए शोधार्थी आवंटित किए जाएं।

> नए पीएचडी अध्यादेश को लेकर बैठक में कुई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई है। इस अध्यादेश से शोध की गुणवत्ता को बढ़ावा मिलेगा।
>
> प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति, लवि

होगा सघन मूल्यांकन : अब ऐसे रेगुलर पीएचडी छात्र-छात्रा जिन्होंने दो साल शोध कार्य किया है और उनकी अच्छी जगह स्थायी नौकरी लग गई है। वह अपनी पीएचडी पार्ट टाइम में भी परिवर्तित करा सकेंगे। बैठक में इस पर भी सहमति बनी है। इसके अलावा शोधार्थियों की प्रति सेमेस्टर उपस्थिति भी 70 प्रतिशत का नियम है, लेकिन इसे सख्ती से लागू किया जाएगा।

प्रो. गीतांजलि मिश्रा बनीं रैंकिंग सेल की निदेशक

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग की प्रोफेसर

प्रो. गीतांजलि मिश्रा को नवीन रैंकिंग सेल का निदेशक नामित किया गया है। उनका कार्यकाल तीन साल या अग्रिम आदेश तक मान्य होगा। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। (जासं)

35 कोर्सों के परिणाम जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने यूजी और पीजी के 35 विषयों के परिणाम मंगलवार को जारी कर दिए। इसमें एमए जाग्रफी, एमए एजुकेशन, बीए ओल्ड, एमए संस्कृत (ग्रुप बी), शास्त्री, एमपीएड फिजिकल एजुकेशन, एमएससी फारेंसिक साइंस, एमएससी फिजिक्स, बीपीएड फिजिकल एजुकेशन, बीएससी एनईपी होमसाइंस, एमए हिन्दी, एमएसडब्ल्यू तीसरे सेमेस्टर, मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन, एमएचए, मास्टर आफ फिजिकल एजुकेशन सहित अन्य विषयों के परिणाम शामिल हैं। (जासं)

DAINIK JAGRAN PAGE 5

लवि ने लंबित प्रस्तावों के निस्तारण के लिए दिया अंतिम मौका

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने नए एवं पूर्व में संचालित कालेजों में नवीन कोर्सों, विषयों की सहयुक्तता के लंबित प्रस्तावों के निस्तारण के लिए आखिरी मौका दिया है। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने कालेजों के नाम की सूची जारी करते हुए निर्धारित समय में प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

लवि ने बीते जून में कालेजों को नए कोर्स एवं विषयों के संचालन के लिए सहयुक्तता दी थी। जारी पत्र के अनुसार बीएसएनवी पीजी कालेज ने बीबीए, बीसीए, लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय ने एमएड, कृष्णा कालेज आफ एजुकेशन ने बीसीए सहित 11 ऐसे कालेज हैं जिन्होंने किसी न किसी में आनलाइन सहयुक्तता के लिए आवेदन तो कर दिया, लेकिन इनकी स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट आनलाइन नहीं मिली।

इसी तरह ब्राइट कैरियर गर्ल्स डिग्री कालेज मलिहाबाद, सूर्या कालेज आफ मैनेजमेंट एंड साइंस, अंबेश्वर कालेज आफ हायर स्टडीज, श्री राम जानकी महाविद्यालय खीरी को विभिन्न विषयों में आनलाइन आपत्ति मिल गई। लेकिन इन्होंने अभी तक सहयुक्तता के लिए आवेदन नहीं किया। लवि की ओर से सम्बद्धता आनलाइन देने की अंतिम तिथि पांच अगस्त है।

i-NEXT PAGE 4

राजधानी में तेज हुई एडमिशन की दौड़

एलयू : बीए और बीएससी एंट्रेंस की 'आंसर की' जारी

मिशन एडमिशन

बीएससी बायोलाजी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीजेएमसी की भी आंसर की वेबसाइट पर अपलोड

LUCKNOW (18 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने मंगलवार को स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए हुई बीए, बीएससी बायोलाजी, बीएससी एग्रीकल्चर और बीजेएमसी एंट्रेंस एग्जाम की आंसर की भी वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर जारी कर दी. इसमें कोर्सवार ए, बी, सी व डी सेक्शन में स्कैन ओएमआर शीट अपलोड की गई है. अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में दी गई कार्बन कॉपी से इसका मिलान कर सकते हैं.

11 कोर्सों की आंसर की जारी

एलयू की स्नातक प्रवेश परीक्षाएं 16 जुलाई को समाप्त हुई थीं. चार पाठ्यक्रमों को मिलाकर 11 कोर्सों की उत्तर कुंजी जारी की जा चुकी है. जल्द ही फाइनल मेरिट सूची जारी कर दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी.वहीं अटल बहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में दाखिले के लिए काउंसिलिंग शुरू हो गई. पहले दिन प्रवेश लेने वालों की संख्या कम रही. प्राचार्य डा. सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि मेरिट में चयनित अभ्यर्थियों को प्रवेश संबंधी मैसेज भेज दिया गया है. बुधवार से भीड़ बढ़ेगी.

पॉलीटेक्निक में 40 हजार से अधिक नए आवेदक

पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा की तैयारियों के बीच पंजीकृत 40,636 नए अभ्यर्थियों के आवेदन अब अधिकारियों के लिए मुसीबत बन गए हैं. मंगलवार से शुरू होने वाली प्रवेश पत्र डाउनलोड की प्रक्रिया टाल दी गई और 26 जुलाई से होने वाली प्रवेश परीक्षा को भी आगे बढ़ाने की तैयारी चल रही है. हालांकि 15 अगस्त के पहले परीक्षा करा ली जाएगी. आधार लिंक प्रवेश पत्र के साथ ही इस बार आनलाइन परीक्षा होगी. अधिक जानकारी और प्रवेश परीक्षा के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की वेबसाइट jeecup.admissions.nic.in पर प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे. नए आवेदन आने से पालीटेक्निक की कुल सीटों 2,38,388 के मुकाबले आवेदन की संख्या 3,64,8 62 हो गई है. संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के प्रभारी सचिव एसक श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा की तिथियां बढ़ेंगी, इस पर मंथन चल रहा है. इस सप्ताह प्रवेश पत्र डाउनलोड होंगे.

केकेसी में एक हजार से ज्यादा अभ्यर्थी पहुंचे

श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज (केकेसी) में स्नातक काउंसिलिंग के दो दिनों में 1033 अभ्यर्थी पहुंचे.

प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्रा ने बताया कि बीए 354, बीकाम 373, बीएससी 271, बीबीएआईबी 18 और बीकॉम ऑनर्स में 17 अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग कराई. उन्होंने बताया कि पहली मेरिट में चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 19 जुलाई तक होगी. उन्हें 20 जुलाई तक फीस जमा करने का मौका दिया जाएगा. फिर शाम को खाली सीटों की दूसरी कटऑफ जारी की जाएगी.

केएमसी के प्रोफेशनल कोर्स के लिए एंट्रेंस

ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय (केएमसी) में संचालित प्रोफेशनल कोर्स में प्रवेश के लिए मंगलवार को परीक्षा हुई. इसमें अलग-अलग कोर्स के लिए 336 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी. इसमें एमबीए में 120, एमसीए में 60, बीटेक में 198, एमटेक और बीटेक लेटरल एंट्री में प्रवेश लिए परीक्षा हुई. तीन से चार दिन में प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया जाएगा. विश्वविद्यालय में रेगुलर और प्रोफेशनल कोर्स में सीयूईटी (कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) के अंक से भी प्रवेश लिए जाएंगे. इसके लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिए गए लिंक से रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है. काउंसिलिंग के लिए मेरिट जारी की जाएगी. इसके बाद प्रवेश लिए जाएंगे.

नेशनल पीजी में 160 ने लिया बीए में एडमिशन

स्नातक पाठ्यक्रमों में बीकॉम की सभी सीटें भरने के बाद मंगलवार को बीए की 440 सीटों के लिए काउंसिलिंग शुरू हुई. प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पहले दिन इस कोर्स में मेरिट के अनुसार 250 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 160 ने दाखिले ले लिए. 20 जुलाई तक बीए की काउंसिलिंग होगी.